दिनांक 04.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बीमारियों के रोकथाम एवं बचाव हेतु निगम आयुक्त के.एल.चौहान द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में शिविर दल द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर निरंतर जारी है। विगत माह जुलाई में 02.07.2018 से 31.07.2018 तक कुल 22 शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड क्रं. 05, 17, 28, 06, 63, 31, 13, 24, 03, 37, 07, 28, 44, 22, 36, 30, 33, 37, 21, 42, 32 एवं 27 क्रमशः लक्ष्मी नगर, वृन्दा नगर, छावनी बस्ती, सुपेला बाजार, रुआंबांधा बस्ती, खुर्सीपार जोन–3 दुर्गा मंदिर, राजीव नगर सुपेला, शारदा पारा केम्प–2, कोसा नगर, चन्द्रशेखर आजाद नगर, फरीद नगर, छावनी बस्ती, मौहारी भांठा, मरौदा कैम्प, श्याम नगर केम्प–2, खुर्सीपार जोन–1 गौतम नगर, खुर्सीपार जोन–2 बालाजी नगर, खुर्सीपार जोन–3, सुन्दर नगर केम्प–1, नेवई भांठा, राधाकृष्ण मंदिर, घांसीदास नगर, में आए कुल 559 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त–18, उल्टी–04, उल्टी–दस्त–01, बुखार–36, अन्य 500) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित 14 मरीजों का खुन जांच हेतु रक्त पट्टिा तैयार कर लैब भेजा गया। 167 ओ.आर.एस. पैकेट का शिविर में आए मरीजों को वितरित किया गया। जन समुदाय में जन जागरुकता हेतु 890 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

निगम आयुक्त के.एल. चौहान द्वारा निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू के मरीजों की बढ़ोत्तरी को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन के सभी स्वच्छता निरीक्षकों को को एन्टी लार्वा आपरेशन के तहत् कीटनाशक औषधि का छिड़काव गढढों/नालियों के जमाव बरसाती पानी में मलेरिया आंयल का छिड़काव कराने की सख्त हिदायत दी गयी। सभी जोन में व्हीकल माऊण्टेंड फागींग मशीन द्वारा धुएं का छिड़काव भी करवाया जाए। निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की गयी है कि भ्रमण के दौरान जिनके घर में कूलर/पानी टंकियों में मच्छर लार्वा दिखता है तो तत्काल पानी की सफाई करा दें। बरसाती पानी का जमाव घर के आस–पास नहीं होने दें। आप सभी लोग जागरुकता का परिचय देते हुए अपना शत्–प्रतिशत सहयोग प्रदान करें, ताकि डेंगू के संक्रमण से बचाव किया जा सके।

जन सम्पर्क अधिकारी